**दिल्ली और नई दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन बूथों की संख्या**

239. **श्री भीकू राम जैन** : क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुरानी दिल्ली और नई दिल्ली में आम जनता की सुविधा के लिए कितने सार्वजनिक टेलीफोन बूथ स्थापित हैं; और

(ख) इनमें से कितने टेलीफोन बूथों के टेलीफोन खराब हैं और उनकी मरम्मत तथा रख-रखाव के लिए क्या प्रबन्ध किए जा रहे हैं ?

**संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री : (श्री योगेन्द्र मकवाना)** : (क) पुरानी दिल्ली और नई दिल्ली में 2623 सार्वजनिक टेलीफोन बूथ हैं ।

(ख) मोटे तौर पर एक दिन में सार्वजनिक टेलीफोनों में से 3 प्रतिशत खराब रहते हैं । सार्वजनिक टेलीफोनों की कार्यप्रणाली पर निरन्तर निगरानी रखी जाती है । जब कभी भी कोई सार्वजनिक टेलीफोन खराब पाया जाता है अथवा उसके खराब होने का पता चलता है उस पर तत्काल ध्यान दिया जाता है ।

**सौराष्ट्र में तेल की खोज के लिए अमरीकी फर्म से करार**

240. **श्री आर० पी० गायकवाड़** : क्या **पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार सौराष्ट्र क्षेत्र में तेल की खोज और उत्पादन के लिए किसी अमरीकी फर्म के साथ करार करने का है ; और

(ख) यदि हां तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

**पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० शिवशंकर)** : (क) जी हां ।

(ख) समझौते के विस्तृत ब्यौरे कम्पनी के साथ बातचीत के अन्तिम चरणों में है ।

**राजस्थान में नलकूपों के लिए बिजली के कनैक्शन**

241. **श्री चतुर्भुज** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत छः महीनों से राजस्थान के उन गांवों में, जिनके लिए बिजली की मंजूरी दी जा चुकी है ; नलकूपों के लिए बिजली का एक भी कनैक्शन नहीं दिया गया है ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ख) वर्ष 1982-83 के दौरान कुल कितने गांवों को बिजली दिये जाने का विचार है और झालावाड़ तथा कोटा जिलों के किन-किन गांवों में बिजली के नये कनैक्शनों की मंजूरी दी जा रही है और कितने-कितने नए कनैक्शन दिए जा रहे हैं ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन)** (क) जी, नहीं । राजस्थान में स्वीकृत की गई ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों के अन्तर्गत, पिछले छः महीने (जुलाई-दिसम्बर, 1981) के दौरान 5944 पम्पसैट ऊर्जित किए गए हैं ।

(ख) ग्राम विद्युतीकरण स्कीमें राज्य बिजली बोर्डों द्वारा तैयार की जाती हैं और उन्हीं के द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं । वर्ष